Estd. 1987 Regd. No. (Ajm) 74

# राजस्थान गणित परिषद्

# Rajasthan Ganita Parishad

पंजीकृत प्रधान कार्यालय : गणित विभाग, राजकीय महाविद्यालय, अजमेर 305001

## 21 वां वार्षिक अधिवेशन ( दिनांक 20-21 फरवरी, 2010 )

## आयोजक : राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय, केम्प जयपुर

## सह प्रायोजक : मालवीय राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, जयपुर

### कार्यवृत्त

राजस्थान गणित परिषद् का 21 वां वार्षिक अधिवेशन राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 20-21 फरवरी, 2010 को MNIT परिसर में आयोजित किया गया।

**शनिवार, 20 फरवरी, 2010**

परिषद की **कार्यकारिणी की बैठक** दिनांक 20 फरवरी, 2010 को प्रात: 9. 30 बजे MNIT में आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से निम्न निर्णय लिये गये।

1. 5 फरवरी, 2010 तक नये आजीवन तथा वार्षिक सदस्यों की सदस्यता स्वीकार की गई।
2. महासचिव द्वारा प्रस्तुत वार्षिक (2009) प्रतिवेदन को स्वीकार किया गया।
3. कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत वार्षिक (2009) लेखा-जोखा स्वीकार किया गया।
4. सम्पादकीय सचिव द्वारा प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को स्वीकार किया गया।
5. वर्ष 2009 में विभिन्न पदक एवं प्रमाण पत्र प्राप्तकर्ताओं के नामों का अनुमोदन किया गया।
6. सदस्यों द्वारा प्राप्त संविधान संशोधन सहित अन्य प्रस्तावों को साधारण सभा में प्रस्तुत किया जाना निश्चय किया।

आसन को धन्यवाद सहित बैठक सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष महासचिव

### अधिवेशन उद्घाटन सत्र

- **मुख्य अतिथि प्रो. एल. राधाकृष्णन, विशिष्ठ अतिथि प्रो. सालुंखे, अध्यक्ष प्रो. दहिया** एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात अधिवेशन के उद्घाटन की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।
- आयोजन संयोजक **प्रो. के.सी. जैन**, गणित विभाग, MNIT द्वारा अतिथियों एवं सम्भागियों का स्वागत किया गया।
- परिषद् के महासचिव **डॉ. अनूप कुमार** द्वारा वर्ष 2009 की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

- राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा राजस्थान गणित परिषद् के 21 वें अधिवेशन के आयोजन पर कुलपति **प्रो. सालुंखे** द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए परिषद सदस्यों का स्वागत किया तथा आशा व्यक्त की कि प्रदेश में गणित का विकास तेजी से होगा।
- परिषद् के अध्यक्ष **प्रो. राज बली** द्वारा अध्यक्षीय भाषण दिया गया।
- मुख्य अतिथि **प्रो. एल. राधा कृष्णन** ने **"Key Note Address"** देकर सदस्यों को देश की प्रगति हेतु गणित के अध्ययन अध्यापन तथा शोध के उन्नयन हेतु प्रेरित किया।
- अध्यक्ष **प्रो. दहिया** ने अध्यक्षीय भाषण में विज्ञान तथा तकनीकी शिक्षा में गणित की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए गणित क्षेत्र में शोध / तकनीक में नये आयामों की स्थापना हेतु सदस्यों का आव्हान किया।

राज्य में गणित प्रतिभावों को प्रोत्साहित करने हेतु वर्ष 2009 की विभिन्न कक्षाओं / परीक्षाओं में गणित में उच्चतम अंक प्राप्तकत्ताओं को अतिथियों ने निम्न पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

| क्रमांक | पदक | स्तर | प्राप्तकर्त्ता |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. जी.आर. वर्मा, स्वर्ण | RMO में प्रथम | महुल कुमार, जयपुर |
| 2. | प्रो. जे. एल. बंसल, स्वर्ण | CMTR में प्रथम | स्वाति निगम, बीकानेर |
| 3. | डॉ. डी. सी. गोखरू, स्वर्ण | MA / M.Sc. (गणित) में उच्चतम प्रतिशत अंक | अल्का गुप्ता, कोटा |
| 4. | श्रीमती सज्जन कंवर कुम्भट स्मृति, स्वर्ण | माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की XII th गणित में उच्चतम अंक | विक्रम सिंह |
| 5. | श्री प्रमोद मंगल स्मृति, स्वर्ण | B.A. / B.Sc. में गणित विषय में उच्चतम अंक | नेहा गोयल, बनस्थली |
| 6. | MREC (गणित विभाग), स्वर्ण | B.E. I वर्ष में गणित में उच्चतम अंक (केवल MREC के छात्र) | विनोद होलानी, जयपुर |
| 7. | सुमन उपमा स्मृति, स्वर्ण | MA / M.Sc. (गणित) में उच्चतम प्रतिशत अंक वाली छात्रा | अल्का गुप्ता, कोटा |
| 8. | परिषद् रजत पदक | CMTR में द्वितीय | भारत श्रेष्ठ सिंह, अजमेर |
| 9. | प्रमाण पत्र | CMTR में प्रथम 10 छात्र | |

- राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विशेषाधिकारी **प्रो. ठक्कर** ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

## Technical Sessions

| Lectures | Topics | By | Chairpersons |
|---|---|---|---|
| I | Einstein Millennium of the year | Prof. L. Radhakrishna | Prof. J.L. Bansal |
| II | Actuarial Profession in India | Prof. Jagdish Salunkhe | Prof. G.N.Purohit |
| III | Operations Research - An Overview ( Sponsored by Indian Mathematical Society ) | Prof. C.B. Gupta | Dr. D. C. Gokhroo |

## Paper Reading Sessions

| | | |
|---|---|---|
| I | Relativity, Cosmology and Fluid Dynamics | Prof. J.P. Singh |
| II | Special Functions, Information Theory & OR | Prof. K.C. Gupta |

## रविवार, 21 फरवरी 2010

## Technical Sessions

| Lectures | Topics | By | Chairpersons |
|---|---|---|---|
| IV | Changing & Expanding Role of Maths : Mathematical Modelling & Computer Simulation Techniques | Prof. B.D. Sharma | Prof. G.N. Purohit |
| V | Write Mathematics Right | Prof. L. Radhakrishna | Prof. Raj Bali |
| VI | Boundary Value Problems | Prof. J.L. Bansal | Prof. G.N. Purohit |
| VII | Foundation of Actuarial Sciences | Dr. Yashbir Singh | Dr. R. C. Soni |
| | **Paper Reading Session (Remaining Papers)** | | Prof. K. C. Gupta |
| VIII | Insurance and Actuarial Sciences | Dr. Ashish Barua | Prof. J. L. Bansal |

## साधारण सभा की बैठक

दिनांक 21 फरवरी 2010 को MNIT के व्याख्यान कक्ष I में राजस्थान गणित परिषद् की वार्षिक साधारण सभा की बैठक प्रो. राजबली की अध्यक्षता तथा डॉ. अनूप कुमार महासचिव के संयोजन में अपरान्ह 2.30 बजे प्रारंभ हुई। बैठक का विवरण निम्नानुसार है।

1. परिषद् की वर्ष 2009 में सम्पन्न कार्यकारिणी की बैठकों के मिनिट्स की पुष्टि की गई।
2. महासचिव द्वारा प्रस्तुत वार्षिक (2009) प्रतिवेदन स्वीकार किया गया।
3. कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2009 का लेखा जोखा स्वीकार किया गया।
4. सम्पादकीय सचिव द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2009 का प्रतिवेदन स्वीकार किया गया।
5. कार्यकारिणी की अनुशंसानुसार सदस्यों द्वारा प्राप्त प्रस्तावों को सदन में रखा गया। जिस पर निम्न निर्णय लिये गए।
   (*i*) परिषद के संविधान संशोधन / परिवर्तन संबंधी प्रस्तावों को तत्काल स्वीकार किया जाना विधि सम्मत नहीं होने से प्रभावी नहीं किये जा सकते है।
   (*ii*) संविधान संशोधन / परिवर्तन संबंधी प्रस्तावों पर गहनता पूर्वक विचार करने हेतु नवनिर्वाचित कार्यकारिणी एक उप समिति का गठन करें, जिसकी अनुशंसाओं को सदन की आगामी बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाये।

## नई कार्यकारिणी का गठन

बंसल इंजीनियरिंग कॉलेज, जयपुर के प्राचार्य प्रो. के.आर. सोनी, निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में राजस्थान गणित परिषद् के लिए वर्ष 2010 की कार्यकारिणी में रिक्त पदों पर निर्वाचन कर परिषद् का निम्न प्रकार गठन किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | : | डॉ. अशोक सिंह शेखावत, जयपुर |
| 2. | महासचिव | : | डॉ. बच्चू सिंह सिनसिनवार, भरतपुर |
| 3. | सम्पादक | : | डॉ. विष्णु गोपाल गुप्ता, जयपुर |
| 4. | कोषाध्यक्ष | : | डॉ. कृष्ण गोपाल भडाना, अजमेर |
| 5. | संयुक्त सचिव | : | डॉ. बजरंग लाल मीणा, टोंक |

| | | |
|---|---|---|
| सदस्य (3 वर्ष) | : | डॉ. अनिल गोखरू, अजमेर |
| | : | डॉ. डी.सी. शर्मा, भरतपुर |
| | : | श्री कैलाश लच्छवानी, भीलवाड़ा |
| सदस्य (1 वर्ष) | : | डॉ. करतार सिंह, झालावाड़ |
| पदेन सदस्य (पूर्व अध्यक्ष) | : | प्रो. राज बली, जयपुर |
| (पूर्व महासचिव) | : | डॉ. अनूप कुमार, अजमेर |

इसी के साथ अध्यक्ष प्रो. राजबली ने सम्मेलन की समाप्ति की घोषणा की तथा आयोजन सचिव ने सभी का धन्यवाद किया।

## नव निर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक

दिनांक 21 फरवरी, 2010 को MNIT के व्याख्यान कक्ष I में राजस्थान गणित परिषद् की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक सायं 7.30 बजे आयोजित की गई। जिसमें निम्न निर्णय लिये गये।

**1.** नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने पद भार ग्रहण कर निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा वर्ष 2009 में किये गये कार्यों के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

**2.** दिनांक 20 फरवरी 2010 को प्रातः सम्पन्न कार्यकारिणी की बैठक के मिनिट्स की पुष्टि की गई।

**3.** 21 वें अधिवेशन के सफल आयोजन हेतु कुलपति, राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा MNIT के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

**4.** कार्यकारिणी में प्रो. ए.एन. गोयल, जयपुर का सहवरण किया गया।

आसन को धन्यवाद पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

डॉ. अशोक सिंह शेखावत
अध्यक्ष

डॉ. बच्चू सिंह सिनसिनवार
महासचिव

---

**UPC**

**Book - Post**

*( Printed Matter )*

To,

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

. . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . . .

---

**प्रेषक : राजस्थान गणित परिषद्**

गणित विभाग, राजकीय महाविद्यालय, अजमेर-305001 (राज.)

website : www. rgp.co.in e-mail : rgp@rgp.co.in